हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 23 जून 2026

06 अवैध शराब बिक्री पर लगेगा प्रतिबंध...




07 1 लाख से अधिक बीजों का रोपण कर रचा इतिहास...






## खबर संक्षेप

### 28 को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का होगा शुभारंभ

**सीहोर।** जिले में 28 जून से 30 जून तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के जिले के 1,82,084 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के प्रथम दिवस में सभी बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, जबकि आगामी दो दिनों तक विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि सभी विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि गए हैं कि अभियान संबंधी सभी तैयारियां समयपूर्व सुनिश्चित कर ली जाएं और पोलियो की खुराक से एक भी बच्चा न छूटे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला अस्पताल, सभी सिविल अस्पतालों, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ियों पर बूथ स्थापित कर बच्चों को पोलियों खुराक पिलाई जाएगी। इसके अलावा ट्रांजिट टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाई जाएगी।

### जिले के 5 आयुष्मान आरोग्य मंदिर एनक्यूएएस प्रमाणित

**सीहोर।** एनएचआरसी दिल्ली द्वारा जिले के बमूलिया, मुगाली, पांगरा, बागेर और नौगांव के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को एनक्यूएएस प्रमाणित किया गया है। उल्लेखनीय है राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) की टीम द्वारा इन स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया गया था। टीम द्वारा केंद्र में संचालित सेवाओं एवं संपूर्ण केंद्र की मानक जांच की गई। जांच के दौरान केंद्र में सभी स्वास्थ्य सेंवाएं गुणवत्तपूर्ण ढ़गं से संचालित पाई गईं। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाएं शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन करते हुए कार्य कर रही हैं, ताकि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

### जिले में अब तक 70.6 एमएम बारिश दर्ज

**सीहोर।** मानसून की दस्तक के साथ सीहोर जिले में 1 जून 2026 से 22 जून 2026 तक कुल 70.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में औसत 5.9 एमएम वर्षा हुई है। वर्षामापी केंद्र के अनुसार सीहोर में अब तक 86.4 एमएम, आष्टा में 62.0 एमएम, इछावर में 113.0 एमएम, भैरूंदा में 119.0 एमएम, बुधनी में 74.5 एमएम और रेहटी में 34.6 एमएम वर्षा दर्ज की गई है। श्यामपुर में 37.8 एमएम तथा जावर में 31.1 एमएम बारिश हुई है।

# कोतवाली कंपाउंड में महिला आरक्षक के घर लाखों की चोरी का खुलासा, दोनों बदमाशों पर पहले से दर्ज 30-30 मामले

**सीहोर।** शहर में लगातार बढ़ रही चोरियों के बीच दो माह पहले हुई एक बड़ी वारदात ने पुलिस महकमे की नींद उड़ा दी थी। चौंकाने वाली बात यह थी कि चोरी किसी आम घर में नहीं बल्कि कोतवाली थाना परिसर में बने शासकीय आवास में हुई थी। महिला आरक्षक के सरकारी क्वार्टर से लाखों के जेवर, नकदी और मोबाइल चोरी होने से पूरे जिले में सनसनी फैल गई थी।

### महिला आरक्षक छुट्टी पर गईं, पीछे से चोरों ने बोला धावा

फरियादिया अनीता वर्मा, जो थाना बिलकिसगंज में आरक्षक पद पर पदस्थ हैं, 9 अप्रैल 2026 को पांच दिन की छुट्टी लेकर अपने गांव बुचाखेड़ी, जिला राजगढ़ चली गई थीं। उन्होंने सी-14 कोतवाली कंपाउंड स्थित सरकारी आवास में ताला लगाकर घर बंद किया था। 14 अप्रैल की शाम जब वे वापस लौटीं तो मेन गेट खुला मिला। अंदर पहुंचते ही उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। घर के कमरों के ताले टूटे पड़े थे, अलमारी खुली थी और सामान बिखरा पड़ा था। लॉकर तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर, नकदी और दो मोबाइल गायब थे।



### शादी के लिए जोड़ी रकम भी चोर ले गए

महिला आरक्षक ने रिपोर्ट में बताया कि अलमारी में रखी वह नगदी भी चोरी हो गई जो उनके माता-पिता ने शादी के लिए जमा कर रखी थी। इसके अलावा सोने की चेन, मंगलसूत्र, कान के टॉप्स, अंगूठियां, चांदी के जेवर और मोबाइल फोन चोरी कर लिए गए थे। घटना ने पुलिस महकमे में भी सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए थे।

**एसपी ने बनाई स्पेशल टीम, लगातार चलती रही तलाश :** घटना की गंभीरता को देखते हुए सोनाक्षी सक्सेना ने मामले को प्राथमिकता में लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रविंद्र यादव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस लगातार संदिग्धों और पुराने रिकॉर्ड खंगालती रही। करीब दो माह की मशक्कत के बाद पुलिस को आखिरकार बड़ी सफलता हाथ लगी।

### दो अंतरराज्यीय शातिर चोर पुलिस के शिकंजे में

कोतवाली पुलिस ने दो अंतरराज्यीय नकबजनों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अन्नू उर्फ अनिकेत मालवीय उर्फ अंकित ( 24 साल) पिता शिवनारायण मालवीय उर्फ राम सिंह , मूल निवासी रंगियापुरा, विदिशा, हाल मुकाम- सेमरा कला, पुरुषोत्तम नगर, भोपाल (किराये का मकान) तथा गोलू उर्फ उमेश अहिरवार (25 साल) पिता जयराम अहिरवार मूल निवासी करैयाखेड़ा रोड, आचार्य कॉलोनी, विदिशा, हाल पता- पैराडाईस कॉलोनी, पीथमपुर, जिला धार के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक दोनों आरोपी बेहद शातिर हैं और मध्यप्रदेश के अलग-अलग जिलों में इनके खिलाफ करीब 30-30 आपराधिक मामले दर्ज हैं। दोनों लंबे समय से चोरी, नकबजनी और संपत्ति संबंधी अपराधों में सक्रिय बताए जा रहे हैं।

### लाखों का माल बरामद, पुलिस ने दिखाई सख्ती

नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा के अनुसार आरोपियों के कब्जे से करीब 19 ग्राम सोने के आभूषण, 110 ग्राम चांदी के सिक्के और चोरी गया मोबाइल बरामद किया गया है। बरामद सामग्री में सोने का मंगलसूत्र पेंडेंट, सोने की चेन, दो जोड़ी कान के टॉप्स, नाक की लोंग, चार चांदी के सिक्के और एक एंड्रॉयड मोबाइल शामिल है। कुल बरामद माल की कीमत करीब 3.36 लाख रुपए आंकी गई है।

### शहर में बढ़ते चोरी के ग्राफ पर उठे सवाल

सीहोर शहर में पिछले दो-तीन महीनों से चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। चड्डीधारी गैंग से लेकर संगठित नकबजन गिरोह तक लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर चोर इतने बेखौफ कैसे हो गए? लगातार हो रही चोरियों ने पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि इस मामले के खुलासे ने पुलिस को राहत जरूर दी है, लेकिन शहरवासियों की चिंता अभी भी बरकरार है।

### अब पुलिस के सामने बड़ी चुनौती

कोतवाली पुलिस की यह कार्रवाई बड़ी सफलता मानी जा रही है, लेकिन असली चुनौती अभी बाकी है। शहर में सक्रिय अन्य चोरी गिरोहों पर लगाम लगाना और नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा लौटाना पुलिस के लिए सबसे बड़ी परीक्षा बन चुका है। सीहोर में अपराधियों के हौसले जिस तेजी से बुलंद हुए हैं, उसे देखते हुए अब पुलिस को केवल खुलासों से नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर सख्त एक्शन से जवाब देना होगा। शहर की जनता अब सिर्फ कार्रवाई नहीं, बल्कि अपराध पर पूरी तरह लगाम चाहती है।

### सीटू नाले के निर्माण में लापरवाही बरत रही निर्माण एजेंसी, नपा ने जारी किया दूसरा नोटिस

# वादों के भंवर में 'सीटू नाला', 4 करोड़ की योजना 2 साल बाद भी अधूरी, इस बार भी डूबेगा मुख्य बाजार

नगर पालिका परिषद द्वारा करीब 4 करोड़ रुपए की भारी भरकम लागत से इंग्लिशपुरा से लेकर दूल्हा बादशाह तक लगभग 1.5 किलोमीटर सीटू नाले के कायाकल्प का कार्य शुरू किया गया था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मानसून की दस्तक के साथ ही शहर के व्यापारियों और आम नागरिकों के माथे पर चिंता की लकीरें गहरी हो गई हैं। शहर की सबसे विकराल और महत्वपूर्ण समस्या बन चुके सीटू नाले का कायाकल्प प्रोजेक्ट दो साल बीत जाने के बाद भी अधूरी स्थिति में अटका हुआ है। निर्माण एजेंसी (ठेकेदार) की घोर लापरवाही के कारण करोड़ों रुपए की यह योजना लेटलतीफी की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। नतीजा यह है कि अब फिर से बारिश की शुरुआत हो गई है और शहर के प्रमुख बाजारों के दुकानदारों को अपनी दुकानों में लाखों रुपए का सामान डूबने का डर सताने लगा है।

बता दें शहरवासियों को जलभराव की भीषण समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा करीब 4 करोड़ रुपए की भारी भरकम लागत से इंग्लिशपुरा से लेकर दूल्हा बादशाह तक लगभग 1.5 किलोमीटर सीटू नाले के कायाकल्प का कार्य शुरू किया गया था। इस प्रोजेक्ट के तहत नाले का गहरीकरण, किनारों को पक्का करने के लिए रिटेनिंग वॉल का निर्माण, बीच में स्टॉप डैम और नाले के दोनों तरफ नई नालियों का निर्माण शामिल था।

योजना का मुख्य उद्देश्य यह था कि घरों से निकलने वाला गंदा पानी साइड की नालियों से बहे और बारिश का पानी नाले से आसानी से निकल जाए, जिससे नाला उफने नहीं। जब इस काम की शुरुआत हुई थी, तब शहर के व्यापारियों को उम्मीद जगी थी कि अब हर साल होने वाले लाखों के नुकसान से उन्हें हमेशा के लिए निजात मिल जाएगी।



### निरस्त होगा टेंडर

इस गंभीर लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने कहा कि शहर की जनता के हितों और व्यापारियों के नुकसान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। निर्माण एजेंसी ने लगातार काम में ढिलाई बरती है, इसलिए अब इस लापरवाह एजेंसी का ठेका निरस्त करने की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इंजीनियन विजय कोली ने बताया कि निर्माण कार्य की लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। निर्माण कार्य में बरती जा रही ढिलाई को लेकर निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी किया गया है।

**कोतवाली से गांधी रोड तक नुकसान का खतरा :** निर्माण कार्य समय पर पूरा न होने का सबसे बड़ा खामियाजा शहर के मुख्य व्यावसायिक क्षेत्र को भुगतना पड़ेगा। तेज बारिश के दौर में नाले का पानी ओवरफ्लो होकर कोतवाली चौराहा से लेकर गांधी रोड चौराहा तक की दुकानों और बेसमेंट में भर जाता है। व्यापारियों का कहना है कि हर साल बारिश में उनका कीमती सामान पानी में तैरता नजर आता है। इस साल भी नाले का निर्माण अधूरा रहने से व्यापारियों को फिर से लाखों रुपए के आर्थिक नुकसान का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### नपा के नोटिसों को हवा में उड़ा रहा ठेकेदार

हैरानी की बात यह है कि निर्माण एजेंसी नगर पालिका के नोटिसों को पूरी तरह हल्के में ले रही है। काम में तेजी लाने के लिए नगर पालिका प्रशासन ठेकेदार को पहले भी नोटिस जारी कर चुका है, लेकिन ठेकेदार की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ा। अब नपा प्रशासन ने उसे दूसरा नोटिस थमाया है।

### सुस्त सिस्टम से बदली सूरत की जगह बिगड़े हालात

शुरुआत में दावा किया गया था कि कायाकल्प के बाद सीटू नाले के आसपास फुटपाथ और सौंदर्यीकरण का काम किया जाएगा, जिससे इस क्षेत्र की सूरत बदल जाएगी। लेकिन वर्तमान जमीनी हकीकत यह है कि ठेकेदार द्वारा काम में लेटलतीफी की जा रही है, जिससे इस बारिश भी क्षेत्रवासियों को संकट का सामना करना पड़ेगा।

## कीटनाशक छिड़काव के लिए श्रमिकों का साक्षात्कार 25 को होगा


**सीहोर।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत बुधनी एवं भैरूंदा विकासखंड के हाई रिस्क वाले चिन्हित ग्रामों में मलेरिया की रोकथाम हेतु कीटनाशक का छिड़काव करने के लिए श्रमिकों की आवश्यकता है। यह कार्य सीमित अवधि का होगा और कीटनाशक छिड़काव में लगने वाले श्रमिकों के पारिश्रमिक का भुगतान कलेक्टर रेट पर निर्धारित दर अनुसार किया जायेगा।

इस कार्य के लिए 25 जून को प्रातः 11 बजे से 05 बजे तक बुधनी सिविल अस्पताल में इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति अपने आवेदन एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते है। यह कार्य पूर्णत अस्थायी है और अंतिम निर्णय समिति का होगा।

## लाड़कुई से भैरूंदा जा रहे दो युवक बाइक लेकर खड़ी ट्रॉली में घुसे, एक युवक की मौत एक घायल

**भैरूंदा।** लाड़कुई से भैरूंदा जा रहे बाइक सवार दो युवक बिजला जोड पर खड़ी ट्राली में बाइक लेकर घुस गए, टक्कर इतनी जोरदार हुई थी जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल है जिसका उपचार जारी है,घटना रविवार की देर रात की बताई जा रही है।

सुआपानी के निवासी विष्णु व आदित्य लाड़कुई से भैरूंदा की ओर जा रहे थे, जहां बिजला जोड़ स्थित सड़क मार्ग पर खड़ी ट्राली में बाइक सवार जा घुसे, टक्कर इतनी जोरदार लगी कि विष्णु नाम युवक की सिर में गहरी चोट लगने से मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि आदित्य गंभीर रूप से घायल को उपचार के लिए स्थानीय लोगों की मदद व 112डायल की मदद से सिविल अस्पताल भेजा गया, प्राथमिक उपचार के बाद युवक को भोपाल रेफर किया गया था।




### हीमोफीलिया पीड़ित बच्चों के इलाज की गुहार लगाई, मिला आश्वासन

# 21 दिन से इंजेक्शन नहीं मिला, परिवार ने किया चक्काजाम, वाहनों की कतार लगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर में हीमोफीलिया से पीड़ित अपने बच्चों के लिए 21 दिनों से इंजेक्शन न मिलने से परेशान एक पिता ने सोमवार को परिवार सहित जिला अस्पताल के सामने चक्काजाम कर दिया। पिता ने बच्चों की जान बचाने की गुहार लगाते हुए यह कदम उठाया। आष्टा तहसील के ग्राम गुराडिया रूपचन्द्र निवासी श्रवण कुमार मेवाड़ा के दो बच्चे हीमोफीलिया नामक अनुवांशिक बीमारी से ग्रस्त हैं। इस बीमारी में रक्तस्राव होने पर खून का थक्का नहीं जमता। इसके इलाज के लिए नियमित रूप से 'फैक्टर VIII' (Factor VIII) के इंजेक्शन की आवश्यकता होती है। डॉक्टरों ने यह दवा बच्चों के लिए लिखी है, लेकिन जिला अस्पताल के मुख्य दवा स्टोर में पिछले 21 दिनों से यह इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है।




**बेरोजगारी का हवाला देकर आर्थिक मदद की मांग :** श्रवण कुमार मेवाड़ा ने 19 जून को सीहोर कलेक्टर को एक आवेदन पत्र भी सौंपा था। उन्होंने बताया कि वे बेरोजगार हैं और उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे निजी मेडिकल स्टोर से महंगा इंजेक्शन खरीदने में असमर्थ हैं।

बच्चों का इलाज पहले सीहोर में चल रहा था, लेकिन अब यह इंजेक्शन सीहोर और भोपाल दोनों ही जगह सरकारी स्तर पर उपलब्ध नहीं है। पिता ने प्रशासन से मांग की है कि यदि मध्य प्रदेश में दवा उपलब्ध नहीं है, तो उन्हें बच्चों के इलाज के लिए मुंबई जाने के लिए 15 दिनों की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

**सड़क पर बैठा परिवार, लगा लंबा जाम :** जब प्रशासनिक और अस्पताल स्तर पर कोई सुनवाई नहीं हुई, तो बच्चों की जान पर बन आने के कारण परेशान पिता श्रवण कुमार ने आज अपने पूरे परिवार के साथ जिला चिकित्सालय के सामने सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया। सड़क पर परिवार के बैठते ही मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। व्यस्त मार्ग होने के कारण कुछ ही देर में लंबा जाम लग गया, जिससे कई वाहन चालक और राहगीर परेशान होते नजर आए।

### सूचना मिलते ही पहुंचे सिविल सर्जन

अस्पताल के ठीक सामने चक्काजाम और भारी हंगामे की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल के सिविल सर्जन तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने सड़क पर बैठे पीड़ित परिवार से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। सिविल सर्जन ने पीड़ित पिता को जल्द से जल्द आवश्यक इंजेक्शन 'फैक्टर VIII' की व्यवस्था कराने का ठोस आश्वासन दिया है, जिसके बाद प्रदर्शन को शांत कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर सरकारी अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता और गरीब मरीजों के प्रति प्रशासनिक गंभीरता पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से युवक की मौके पर हुई मौत

**अहमदपुर।** खेती की तैयारियों के बीच एक किसान परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। सोमवार को खाईखेड़ा गांव के किसान घनश्याम दांगी पिता स्व : देवी सिंह दांगी उम्र 38 वर्ष की ट्रैक्टर-ट्रॉली दुर्घटना में मौत हो गई। सुबह घर से फसल की तैयारी के लिए निकले घनश्याम के परिजनों को यह नहीं पता था कि उनका अपना कभी वापस नहीं लौटेगा। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार घनश्याम दांगी पिता देवी सिंह दांगी निवासी खाईखेड़ा अपने गांव से ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर हथियाखेड़ा गाँव सोयाबीन का बीज लेने गए थे। खरीफ सीजन की बोवनी की तैयारी चल रही थी और परिवार नई फसल की उम्मीदों में जुटा था। इसी दौरान सिकंदरपुर रोड पुलिया के पास एक पुलिया के समीप ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि घनश्याम दांगी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई और परिजन बदहवास होकर घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े।गांव में जैसे ही घनश्याम की मौत की खबर पहुंची, घर में मातम छा गया। जिन हाथों से खेतों में नई फसल बोने की तैयारी हो रही थी, वे हमेशा के लिए थम गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में गम का माहौल है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति के नाम दिया कलेक्ट्रेट में ज्ञापन

**सीहोर।** जनगणना मकान सूचीकरण में ओबीसी के आंकड़े अलग से दर्ज न करने के विरोध में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। आंदोलन के तहत सोमवार को संयुक्त रूप से राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा संभाग अध्यक्ष चांद सिंह मेवाड़ा, जिला संयोजक धूल सिंह धम्म, प्रदेश अध्यक्ष भारतीय युवा मोर्चा जनम सिंह परमार, दिव्यांग संघ प्रदेश अध्यक्ष बलराम सिंह भदौरिया, बीवीएफ जिला संयोजक फूल सिंह मालवीय, विदिशा लोकसभा प्रभारी धन सिंह मालवीय के द्वारा डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन दिया गया। जनगणना मकान सूचीकरण में ओबीसी के आंकड़े अलग से दर्ज करने की मांग की जा रही है। मांगो के समर्थन में सोमवार को देश के 31 राज्यों के 625 जिलों में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम यह ज्ञापन प्रेषित किया जा रहा है। आंदोलन के तीसरे चरण में 22 जून को राष्ट्रव्यापी रैली-प्रदर्शन भी किया जायेगा। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से धमेंद्र मेवाड़ा, अजय कुशवाहा, हरीश लोधी, मनोज पाटीदार, हरि सिंह, नर्बत सिंह, पीएस सोलंकी, दिनेश वर्मा, हरि जाटव, संजय बालकिमी आदि आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

### इंद्रा नगर श्मशान घाट पर शुद्धिकरण फव्वारे का हुआ शुभारंभ

**सीहोर।** इंद्रा नगर स्थित छावनी श्मशान घाट पर जन सहयोग से शुद्धिकरण फव्वारे का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रथम सेवक नरेंद्र राजपूत ने कहा कि शमशान घाट केवल अंतिम संस्कार का स्थान नहीं, बल्कि श्रद्धा, सम्मान एवं सामाजिक संवेदनाओं का केंद्र होता है। यहां शुद्धिकरण फव्वारे की स्थापना से अंतिम संस्कार में आए लोगों के लौटते समय जो अपने आप को शुद्ध करने के लिए जो पानी के छीटे मारने की परंपरा है उसकी जगह अब शमशान गेट पर लगे फव्वारे से शुद्धिकरण हो सकेगा। श्री राजपूत ने पहले भी गर्मी के दिनों में होने वाले अंतिम संस्कार आने वाले लोगों की ठंडे पानी की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जन सहयोग से वाटर कूलर लगवाया एवं अपने जन्मदिन 19 अप्रैल से लगातार इंद्रा नगर छावनी शमशान घाट के कायाकल्प के संकल्प को लेकर हर रविवार अपने साथियों के साथ मिलकर साफ़ सफ़ाई कार्य करते है।

शिविर में आए 18 हजार आवेदन में से 17 हजार 300 आवेदनों का किया निराकरण

# अवैध शराब बिक्री पर लगेगा प्रतिबंध, केंद्रीय कृषि मंत्री ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

कांग्रेस खुद अपनो से परेशान- वह इतने सजग और सक्रिय है कि खुद अपने उम्मीदवार का फॉर्म भी सही ढंग से नहीं भर का पाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

रविवार को नगर के सांदीपनि विद्यालय मैदान पर आयोजित लोक कल्याण शिविर को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को भगवान का वरदान है। उन्होंने प्रधानमंत्री के 12 वर्षों के कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह समय देश के सर्वांगीण विकास का है। उन्होंने कहा विकास केवल सड़कों तक सीमित नहीं है। यह समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं के पहुँचने का नाम है। चौहान ने बताया कि देश में सड़कों का नेटवर्क तेजी से फैला है, रेलवे का 99% विद्युतीकरण पूरा हो चुका है, और वंदे भारत जैसी अत्याधुनिक ट्रेनें भारतीय रेल की शान बढ़ा रही हैं। पोर्ट और एयरपोर्ट के विस्तार से व्यापारिक गतिविधियों को गति मिली है। उन्होंने देश की सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि पहले भारत हथियार आयात करता था, आज हम निर्यात कर रहे हैं। आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर नक्सलवाद जैसी चुनौतियों को लगभग समाप्त कर दिया गया है। केंद्र सरकार की सब्सिडी व्यवस्था पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि खाद की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में भारी वृद्धि के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी ने किसान पर बोझ नहीं पड़ने दिया। ढाई से तीन लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी का भार सरकार खुद उठा रही है




ताकि यूरिया और डीएपी किसानों को किफायती दरों पर उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि खाद सीधे किसान के हाथों तक पहुँचे, बिचौलियों या गलत हाथों में नहीं।

### स्वागत सत्कार में फूल-माला नहीं, अब केवल जनकल्याण

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंच से एक अनूठी और अनुकरणीय पहल की शुरुआत की। उन्होंने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं और जनसमूह से स्पष्ट शब्दों में अपील की कि अब से स्वागत-सत्कार के लिए फूल, माला, बुके या मोमेंटो का उपयोग पूरी तरह बंद किया जाए। उन्होंने कहा स्वागत में खर्च होने वाली राशि जनता की सेवा के लिए उपयोग में लाई जानी चाहिए। इस पैसे से विद्यार्थियों को कॉपियाँ और पुस्तकें भेंट की जाएँ, गरीबों की आवश्यकताओं को पूरा किया जाए। मंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और विधायक से आग्रह किया कि वह इसे एक आंदोलन के रूप में अपनाएँ ताकि भविष्य के कार्यक्रमों में अनावश्यक फिजूलखर्ची पर रोक लग सके।

### जनकल्याण शिविर: समस्याओं का त्वरित समाधान

शिविर के आयोजन का मूल मंत्र एक ही छत के नीचे सभी समाधान' था। अक्सर आम नागरिक अपने छोटे-छोटे कामों के लिए अलग-अलग सरकारी विभागों के दफ्तरों के चक्कर लगाते हुए थक जाते हैं। इस शिविर में प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों के स्टॉल एक ही मैदान में सजाए थे। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि शिविर के माध्यम से आवेदनों का संकलन और पात्र हितग्राहियों का चयन घटनास्थल पर ही किया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के संदर्भ में कहा कि जितने भी हितग्राही अपात्र घोषित हुए हैं, उनका एक बार फिर सर्वे किया जाए। उन्होंने विधायक और जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि वह खुद मैदान में उतरें और ऐसे लोगों को चिन्हित करें जो वाकई हकदार हैं। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि 1500 आवेदनों में से 1300 किसानों के कार्ड बनकर तैयार हो चुके हैं, जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। केंद्रीय मंत्री ने कुल 28.53 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमि पूजन किया। यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से नेहरूगांव-जोगला मार्ग (3.94 करोड़), बड़गांव आंतरिक मार्ग (2.41 करोड़), चींच से जामुनवाले टप्पर मार्ग (1.64 करोड़) और गोपालपुर-डोबा मार्ग (2.61 करोड़) का उद्घाटन किया गया। इसके अतिरिक्त, 4.81 करोड़ की लागत से बना नवीन रेस्ट हाउस और 1.18 करोड़ की लागत का प्राथमिक सहकारी भवन भी जनता को समर्पित किया गया। शिक्षा और सामाजिक उत्थान के लिए सांदीपनि विद्यालय परिसर में 8 करोड़ की लागत से बनने वाला 200 सीटर बालक-बालिका छात्रावास और निमोटा में 3.94 करोड़ की लागत से बनने वाला कन्या आश्रम क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

### नशा परिवार का विनाशक- 6000 दीदीओं को लखपति बनाना है

मंत्री ने नशे को परिवार का विनाशक बताते हुए पुलिस प्रशासन को कहा कि ग्रामीण अंचलों में अवैध शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगना चाहिए। उन्होंने मंच से पुलिस को निर्देश दिए कि दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं लखपति दीदी' अभियान की समीक्षा करते हुए मंत्री ने बताया कि भेरूंदा में 6000 महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें से 1500 महिलाएं इस दिशा में आगे बढ़ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को रोजगार से जोड़ना ही हमारी प्राथमिक प्राथमिकता है।




# समाजसेवी अखिलेश राय ने दिया प्रेरणादायक संदेश अभिभावकों को सहभागिता के लिए किया गया प्रेरित

**सीहोर।** इंदौर-भोपाल हाईवे स्थित सेंट एंजेला स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी अखिलेश राय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ द्वारा उनका पुष्पमाला पहनाकर एवं पुष्प गुलदस्ता देकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री राय ने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे विद्यालय में आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने बच्चों का उत्साहवर्धन करें। उन्होंने कहा कि बच्चों के आत्मविश्वास और समग्र विकास के लिए माता-पिता की उपस्थिति और सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। श्री राय ने कहा कि यदि माता-पिता अपने कुछ सपनों को पूरा नहीं कर पाए हैं, तो वे अपने बच्चों का सही मार्गदर्शन कर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि केवल विद्यालय पर निर्भर रहने के बजाय अभिभावकों को घर पर भी बच्चों की पढ़ाई, अनुशासन एवं अन्य गतिविधियों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों को नियमित रूप से पैरेंट्स-टीचर्स मीटिंग में भाग लेने की सलाह देते हुए कहा कि इससे बच्चों की शैक्षणिक प्रगति एवं गतिविधियों की सही जानकारी मिलती है और समय-समय पर उचित मार्गदर्शन दिया जा सकता है।



विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए श्री राय ने कहा कि प्रत्येक छात्र को अपनी पढ़ाई के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उसे प्राप्त करने के लिए मेहनत, लगन एवं ईमानदारी से प्रयास करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग करने, सकारात्मक सोच बनाए रखने और निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। अपने उद्बोधन में श्री राय ने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि जब वे पहली बार वार्षिक समारोह में यहां आए थे, तब उन्हें यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि विद्यालय की प्रधानाचार्या बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और विद्यालय के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर पूरे गांव के वातावरण एवं सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने श्री राय के विचारों को प्रेरणादायक एवं उपयोगी बताया।

## ब्लैकमेलिंग कर 17 लाख ऐंठने वाला आरोपी गिरफ्तार 7 लाख नगदी व एक आई फोन व एक रेडमी कंपनी का मोबाइल, दो लाख रुपए खाते में फ्रीज किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

पुलिस ने धोखाधड़ी और ब्लैकमेलिंग के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक युवक को डरा-धमकाकर करीब 16 से 17 लाख रुपये ऐंठ लिए थे।पुलिस के अनुसार, 7 जून 2026 को सुदामापुरी निवासी तनय खंडेलवाल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एक अज्ञात व्यक्ति उसे ब्लैकमेल कर रहा है और उससे बड़ी रकम वसूल चुका है।



मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने निर्देश पर एसडीओपी रोशन कुमार जैन के नेतृत्व में थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने तत्काल जांच शुरू की।जांच के दौरान साइबर सेल और मुखबिर की मदद से पुलिस ने आरोपी संजय मीना (उम्र करीब 19 वर्ष), निवासी ग्राम हासलपुर, जिला नर्मदापुरम को हिरासत में लिया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।पुलिस ने आरोपी के पास से 7 लाख रुपये नकद, एक आईफोन 17 प्रो और एक रेडमी मोबाइल जब्त किया है। इसके अलावा उसके बैंक खाते में जमा 2 लाख 15 हजार रुपये भी फ्रीज कर दिए गए हैं। कुल मिलाकर करीब 11 लाख रुपये का माल जब्त किया गया है। पुलिस का कहना है कि बाकी रकम के बारे में पूछताछ जारी है।इस कार्रवाई में भैरुंदा थाना पुलिस टीम के साथ साइबर सेल सीहोर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया है।

### एडीबी विशेषज्ञों ने बुधनी टॉय विलेज परियोजना का किया निरीक्षण



**सीहोर।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी (एमपीयूडीसी) की परियोजना क्रियान्वयन इकाई भोपाल अंतर्गत एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के विशेषज्ञ सदस्य श्री विवेक विशाल, रुपोस्रोता कहाली एवं श्री कार्लिटो द्वारा बुधनी एकीकृत विकास परियोजना के तहत निर्माणाधीन टॉय विलेज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विशेषज्ञ दल ने परियोजना की प्रगति, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता तथा विभिन्न अवसंरचनात्मक घटकों की वर्तमान स्थिति का अवलोकन किया। प्रतिनिधिमंडल ने परियोजना के क्रियान्वयन, गुणवत्ता मानकों एवं निर्धारित समयसीमा के अनुरूप हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुझाव दिए। विशेषज्ञों ने परियोजना को क्षेत्रीय पर्यटन संवर्धन, स्थानीय आर्थिक गतिविधियों एवं रोजगार सृजन की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की विकास परियोजनाएँ स्थानीय स्तर पर सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण को नई गति प्रदान करती हैं। निरीक्षण के दौरान परियोजना अधिकारी सुबोध जैन, सहायक परियोजना प्रबंधक राहुल समाधिया, सीडीओ गिरीश नायर, डॉ. अमित कुल्हार, परियोजना प्रबंधन सलाहकार फर्म के दीपक हतवाले, संविदाकार के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बसपा के केन्द्रीय कोऑर्डिनेटर व पूर्व राज्य सभा सांसद राजाराम का हुआ स्वागत

**सीहोर।** बहुजन समाज पार्टी के केंद्रीय कोऑर्डिनेटर माननीय राजाराम साहब पूर्व राज्यसभा सांसद बसपा एवं मध्य प्रदेश के मुख्य प्रभारी इंदौर जोन के जॉन स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने भोपाल से इंदौर जाते समय सीहोर में बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सैकड़ा खेड़ी चौराहा पर ढोल के साथ माला एवं पुष्प गुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया गया इसके पश्चात श्री राजाराम जी बहुजन समाज पार्टी के जोन प्रभारी एडवोकेट कमलेश कुमार के निवास पर कुछ समय के लिए रुके और और बसपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की एवं सभी कार्यकर्ताओं से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए कम समय के प्रवास के लिए आए श्री राजाराम जी के आने से सभी कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला इस मौके पर प्रमुख रूप से इंजीनियर रमाकांत पिप्पल प्रदेश अध्यक्ष बसपा, एडवोकेट कमलेश कुमार जॉन प्रभारी भोपाल संजीव बौद्ध जिला अध्यक्ष सीहोर अनोखी लाल मालवीय, नर्सिंग भारती, कोमल नागर, धनराज सिंह थरेले, लखन लाल मालवीय आनंद घाबरी, अर्जुन पेरवल, देवकरण कुरल, गेंदालाल सूर्यवंशी, धर्मेंद्र बड़ोदिया धीरब अहिरवार बलराम पेंठारी, अर्जुन बौद्ध, जगदीश पेठारी रामपाल पेठारी, अंबाराम बकोरिया लखन कुरल,निर्मल पेरवाल, धर्मेंद्र कचनारिया, वीरू जाटव, राजकमल वंशकार विक्की महोबिया दुर्गेश मालवीय रामस्वरूप भारती अमन मालवीय अरविंद मालवीय मुकेश सिंकानिया जमुना प्रसाद विक्रम सिंह लखन लाल बड़ोदिया देव बकवास बामनिया सुनील मालवीय आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



### विश्व योग दिवस तक जिलेभर में आयोजित हुए जनकल्याण शिविर

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार जिले में 5 जून पर्यावरण दिवस से 21 जून विश्व योग दिवस तक जनकल्याण अभियान संचालित किया गया। अभियान के तहत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनकल्याण शिविर आयोजित कर आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। अभियान के दौरान कुल 89 हजार 398 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 89 हजार 219 आवेदनों का निराकरण किया गया। जनकल्याण अभियान प्रशासन और आमजन के बीच बेहतर संवाद का माध्यम बना, जिससे बड़ी संख्या में नागरिक लाभान्वित हुए।

**विकासखंडवार उपलब्धियां** : ग्रामीण क्षेत्र में आष्टा विकासखंड में 21 हजार 931 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें सभी आवेदनों का निराकरण किया गया। सीहोर विकासखंड में 19 हजार 311 आवेदन, भैरूंदा में 17 हजार 398 आवेदन, इछावर में 10 हजार 83 आवेदन तथा बुधनी विकासखंड में 7 हजार 215 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से अधिकांश आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है।




**नगरीय निकायवार उपलब्धियां** : नगर पालिका सीहोर में 3 हजार 252 आवेदन, आष्टा में 2 हजार 844, कोठरी में 2 हजार 33, रेहटी में 1 हजार 101, बुधनी में 1 हजार 64, जावर में 932, भैरूंदा में 887, इछावर में 782 तथा शाहगंज में 565 आवेदन प्राप्त हुए। इन सभी नगरीय क्षेत्रों में भी आवेदनों का लगभग शत-प्रतिशत निराकरण किया गया।

7 लाख रुपए की लागत से निर्मित सीसी सड़क व नाली का हुआ लोकार्पण

# नगर के प्रत्येक वार्ड में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहेः नपाध्यक्ष राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में नगर पालिका परिषद के द्वारा विकास कार्य तेजी से किए जा रहा है। रविवार को वॉर्ड क्रमांक 19 में विकास कार्यों को गति देते हुए राकेश के घर से अक्षय के घर तक निर्मित सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा किया गया। लगभग 7 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस कार्य से क्षेत्रवासियों को आवागमन एवं जल निकासी की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। इस मौके पर नागरिकों और वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष श्री राठौर का आभार व्यक्त किया है। शहर के अनेक वार्ड ऐसे थे जहां पर सालों से कार्य नहीं होने के कारण गंदा पानी जमा रहता था, इसके लिए



वर्तमान नगर पालिका ने करोड़ों रुपए के विकास कार्य हर वार्ड में बिना भेदभाव के किए है। नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए सड़क, नाली, पेयजल एवं अन्य जनहितकारी कार्यों को लगातार स्वीकृति देकर धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि वॉर्ड क्रमांक 19 में यह निर्माण कार्य क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसके पूर्ण होने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। नगर पालिका जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है।

कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, सभापति नरेंद्र राजपूत, कमलेश राठौर, दीदी चिंचोले, अभय सर, संगीता राय, मनीष कुशवाहा, दिनेश शर्मा, मुकेश कालरा, ओमप्रकाश अग्रवाल, अमित जोशी, बाबूलाल जैन सहित वॉर्ड क्रमांक 19 के बड़ी संख्या में नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। क्षेत्रवासियों ने विकास कार्य के लिए नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर एवं परिषद का आभार व्यक्त किया।

## संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी ने की चारों विधानसभा क्षेत्रों में मंडी अध्यक्षों की नियुक्यिां

**सीहोर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतु पटवारी, संगठन महासचिव डॉ. संजय कामले एवं सीहोर जिला प्रभारी जयश्री हरीकरण के मार्गदर्शन में संचालित संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत सीहोर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के द्वारा सीहोर जिले की चारों विधानसभा सीहोर, आष्टा, बुधनी एवं इछावर विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियां प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुमोदन उपरांत की गई हैं।

साथ ही सभी नवनियुक्त सभी मंडल अध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की है कि आप सभी कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, नीतियों एवं सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने तथा जनहित के मुद्दों को प्रभावी रूप से उठाने में पुरी ईमानदारी व सक्रीयता के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व, समर्पण एवं सक्रिय सहभागिता से सीहोर जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन और अधिक मजबूत, गतिशील एवं जन-जन से जुड़ा हुआ बनेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष श्री गुजराती ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने अपने संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन को बूथ और मंडल स्तर तक मजबूत करने की दिशा में सीहोर जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियाँ की हैं। इस अभियान का उद्देश्य जमीनी स्तर पर पार्टी की संरचना को सशक्त बनाना और आगामी चुनावों के लिए संगठनात्मक तैयारी को तेज करना है।

मध्य प्रदेश में पार्टी नेतृत्व ने कई विधानसभा क्षेत्रों में मंडलम (मंडल) अध्यक्षों की नियुक्ति करते हुए संगठन विस्तार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया है। कांग्रेस पार्टी का यह अभियान राष्ट्रीय स्तर पर चल रहा है, जिसके अंतर्गत जिला, नगर और मंडल स्तर पर संगठन का पुनर्गठन किया जा रहा है ताकि कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़े और संगठन को अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इसी के तहत सीहोर विधानसभा क्षेत्र में 28 मण्डलम अध्यक्ष, आष्टा विधानसभा में 37, इछावर विधानसभा में 29 एवं बुधनी विधानसभा में 32 मण्डलम अध्यक्षों की नियक्तियाँ की गई है।

सीहोर जिले की चारों विधान के नवनियुक्त मण्डलम अध्यक्षों के मनोनयन पर बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, पूर्व नपाध्यक्ष अष्टा कैलाश पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.बलवीर तोमर, सुश्री रूकमणी रोहिला, हरपाल ठाकुर, विक्रम मस्ताल, विवेक राठौर, घनश्याम यादव, गुलाब बाई ठाकुर, महेश राजपूत सहित कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हैं।

### नरसिंहगढ़ नगर के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ा

# 1 लाख से अधिक बीजों का रोपण कर रचा इतिहास बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

नगर के इतिहास में रविवार से एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया। पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन के उद्देश्य से श्री सर्वेश्वरी समूह एवं बाल वीर शिवाजी सेना के संयुक्त तत्वावधान में छोटे महादेव गुप्तेश्वर नदियापानी की पहाड़ियों पर विशाल बीजारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत बाल वीर शिवाजी सेना के छोटे-छोटे बालक एवं बालिकाओं ने एक लाख से अधिक जंगली बीजों का रोपण कर एक ऐतिहासिक कार्य को अंजाम दिया तथा पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

बाल वीर शिवाजी सेना के संस्थापक अध्यक्ष देवकुल शिरीष उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान किसी एक दिन की तैयारी का परिणाम नहीं है, बल्कि इसके पीछे लगभग दो माह का निरंतर परिश्रम, समर्पण और प्रकृति के प्रति प्रेम छिपा हुआ है। पिछले दो महीनों से वीर बाल शिवाजी सेना के बच्चों ने जंगलों, पहाड़ियों एवं आसपास के क्षेत्रों से विभिन्न प्रकार के वृक्षों के बीज एकत्रित करने का कार्य किया। बच्चों ने अपने अवकाश का समय प्रकृति संरक्षण के इस महायज्ञ में समर्पित किया और हजारों-लाखों बीजों को संग्रहित कर इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



इस अवसर पर एक अत्यंत सौभाग्यपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। श्री सर्वेश्वरी समूह के पूज्य गुरुदेव बाबा सम्भव राम जी भगवान के आशीर्वाद से जशपुर (छत्तीसगढ़) से अभिजीत बसु के माध्यम से लगभग 80 हजार साल वृक्षों के बीज प्राप्त हुए। साल वृक्ष पर्यावरण एवं जैव विविधता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है तथा इसके बीजों की उपलब्धता इस अभियान के लिए एक बड़ी उपलब्धि रही।

इस पूरे अभियान में बी.आर.सी. सुरेन्द्र सिंह भदौरिया, उद्यानिकी विभाग के मुकेश गोर एवं आकाश गुप्ता वासु शर्मा बंटी साहू सैंडी नामदेव मोती दांगी का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ। इनके सहयोग से बीजों के चयन, संग्रहण तथा बीजारोपण की योजना को व्यवस्थित रूप से क्रियान्वित किया गया। इसके अतिरिक्त स्थानीय स्तर पर भी विभिन्न प्रजातियों के वृक्षों के बीज बड़ी मात्रा में एकत्रित किए गए।

## बीजरोपण के लिए छोटे महादेव, नादियापानी की पहाड़ियों का चयन

बीजारोपण के लिए छोटे महादेव गुप्तेश्वर नदियापानी की पहाड़ियों का चयन विशेष रूप से इसलिए किया गया। क्योंकि पूर्व में इस क्षेत्र के जंगल आग एवं अन्य कारणों से प्रभावित हुए थे। ऐसे में इस क्षेत्र को पुनः हराभरा बनाने और प्राकृतिक संतुलन स्थापित करने की दिशा में यह अभियान एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। आने वाले वर्षों में इन बीजों से विकसित होने वाले वृक्ष न केवल क्षेत्र की हरियाली बढ़ाएंगे, बल्कि पक्षियों, वन्यजीवों एवं जैव विविधता के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। संस्था द्वारा यह भी निर्णय लिया गया है कि शेष बचे हुए बीजों से नर्सरी तैयार की जाएगी। इसके साथ ही जिस क्षेत्र में आज बीजारोपण किया गया है, वहां समय-समय पर निरीक्षण किया जाएगा। जिन स्थानों पर बीजों का अंकुरण नहीं होगा, वहां पुनः बीजारोपण कर पौधों की संख्या बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। संस्था का उद्देश्य केवल बीज बोना नहीं, बल्कि उन्हें वृक्ष के रूप में विकसित होते हुए देखना और क्षेत्र को स्थायी रूप से हराभरा बनाना है। नरसिंहगढ़ में आयोजित यह विशाल बीजारोपण अभियान इस बात का प्रमाण है कि यदि समाज, बच्चे और सामाजिक संगठन एकजुट होकर संकल्प लें तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़े से बड़ा कार्य संभव है। वीर बाल शिवाजी सेना एवं श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा किया गया यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणास्रोत बनेगा तथा प्रकृति संरक्षण के क्षेत्र में एक नई मिसाल स्थापित करेगा।

### यह केवल बीजरोपण नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित भविष्य का संकल्प है...

इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि आज के समय में जब अधिकांश बच्चे अपना समय मोबाइल और अन्य मनोरंजन के साधनों में व्यतीत करते हैं, वहीं नरसिंहगढ़ के इन बच्चों ने अपने अवकाश के क्षणों को प्रकृति संरक्षण के लिए समर्पित कर समाज के सामने एक आदर्श प्रस्तुत किया है। इन नन्हे पर्यावरण सैनिकों ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि बचपन से ही प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना विकसित की जाए तो आने वाले समय में पर्यावरण संरक्षण एक जनआंदोलन का स्वरूप ले सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि बड़े पैमाने पर किया गया यह बीजारोपण अभियान आने वाले वर्षों में क्षेत्र के पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इन बीजों से विकसित होने वाले वृक्ष वर्षा चक्र को संतुलित करने, भू-जल स्तर को बनाए रखने, मिट्टी के कटाव को रोकने तथा वन्यजीवों को सुरक्षित आवास प्रदान करने में सहायक सिद्ध होंगे। साथ ही यह अभियान जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौती के विरुद्ध स्थानीय स्तर पर एक प्रभावी प्रयास के रूप में भी देखा जा रहा है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी बच्चों एवं उपस्थित पर्यावरण प्रेमियों ने संकल्प लिया कि वे केवल एक दिन के लिए नहीं, बल्कि निरंतर पर्यावरण संरक्षण के कार्यों से जुड़े रहेंगे। भविष्य में भी नियमित रूप से बीजारोपण, पौधारोपण, जल संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण एवं स्वच्छता जैसे अभियानों का आयोजन किया जाएगा ताकि नरसिंहगढ़ क्षेत्र को पुनः घने वनों और हरियाली से आच्छादित किया जा सके।

### दो लाख बीजों का किया संग्रहण

अब तक लगभग दो लाख बीजों का संग्रहण किया जा चुका है। इनमें से आज के अभियान में एक लाख से अधिक बीजों का रोपण सफलतापूर्वक किया गया। यह कार्य केवल संख्या के आधार पर ही नहीं, बल्कि जनभागीदारी, बाल शक्ति एवं पर्यावरण के प्रति समर्पण के दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में श्री सर्वेश्वरी समूह के सदस्य, प्रकृति प्रेमी पप्पू कुशवाह सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे। विशेष बात यह रही कि इस अभियान की मुख्य शक्ति 10 से 16 वर्ष आयु वर्ग के 80 से अधिक बालक एवं बालिकाएं रहे, जिन्होंने पूरे उत्साह, ऊर्जा और समर्पण के साथ बीजारोपण कार्य में भाग लिया। इतनी कम आयु में बच्चों द्वारा प्रकृति संरक्षण के लिए दिखाई गई जागरूकता एवं जिम्मेदारी सभी के लिए प्रेरणा का विषय है। अभियान में वीर बाल शिवाजी सेना की शाखा एनिमल रेस्क्यू टीम भी सक्रिय रूप से सहभागी रही।साथ ही सानिध्य गुप्ता अमेय सोनी दीपु गोस्वामी वत्सलय दूबे चीकू गुप्ता कृष्णम गोस्वामी दक्ष नामदेव नक्श बिहानी तनवीर सोनी लक्ष्य भंडारी आरव बिहानी इशान उदावत अनंत उदावत विहान जैन अनुश्री उदासी अनन्या मैथिल आशी शर्मा, माधव गुप्ता ऋषि शर्मा आदित्य विश्वकर्मा विराज सोनी अभिनव शर्मा युग गुप्ता अर्चित गुप्ता मुदित गुप्ता आरव गुप्ता दर्श गुप्ता वैदिक अग्रवाल।। सेना के सदस्यों ने पूरे कार्यक्रम के दौरान व्यवस्था बनाने, बच्चों का मार्गदर्शन करने तथा वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया।

### अलग-अलग किस्म के बीज

- साल 80,000
- नीम 30,000
- जामुन 20,000
- अमलतास 15,000
- खजूर 15,000
- पलाश 10,000
- पारस पीपल 10,000
- जंगल जलेबी 8,000
- गुलमोहर 5,000
- अर्जुन 5,000
- रसौड़ा (गुंदी) 2,000

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग व पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर परिषद एवं शासकीय विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में योग दिवस एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया गया तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक प्रकाश सिंह तोमर, श्रीदांगी ने उपस्थित सभी लोगों को योग के महत्व की जानकारी दी तथा विभिन्न प्रकार के योगासन, प्राणायाम एवं मुद्राओं का अभ्यास कराते हुए उनके लाभों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में नगर परिषद से मुख्य नगर पालिका अधिकारी समंदर सिंह चैहान, अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, मनोज शर्मा, दीपक राठौड़, अरविंद चंद्रवंशी, उमाशंकर शर्मा, कैलाश राज, लक्ष्मण सिंह राणा, राधेश्याम पचवारिया, अनिल महेश्वरी, जगदीश जागीदार, दिनेश मंडलोई, हिरदेश चंद्रवंशी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं शासकीय विद्यालय से प्रभारी प्रिंसीपल अल्बीना टोप्पो, सुरेश चंद्रवंशी एवं सुनील सक्सेना सहित शिक्षकगण एवं विद्यार्थी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने वृक्षारोपण किया तथा लगाए गए पौधों की सुरक्षा, देखभाल एवं क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। उपस्थितजनों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उन्हें संरक्षित रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

### स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर सामूहिक योगाभ्यास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए रखी गई थी। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। विधायक हजारीलाल दांगी ने अपने उद्बोधन में कहा' कि योग सिर्फ व्यायाम नहीं, बल्कि जीने की कला है। उन्होंने योग क्रियाओं के स्वास्थ्य लाभ शारीरिक लाभ प्रतिदिन योग करने से मिलता है,रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। मानसिक लाभ ध्यान और मन एकाग्र होता , निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है। पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है, बीमारियां कम होती हैं।

## सरस्वती स्कूल में सामूहिक योगाभ्यास विधायक सहित नागरिकों ने किया योग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय सरस्वती स्कूल में शनिवार को भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा उपस्थित रहे। उनके साथ जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का संचालन योग प्रशिक्षक दीपेंद्र दास, अरुण शर्मा, राजेश शर्मा, मनीष चोपड़ा और अशोक शिवहरे के मार्गदर्शन में हुआ। प्रशिक्षकों ने उपस्थित जनसमुदाय को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। साथ ही, योग के शारीरिक और मानसिक लाभों की जानकारी देते हुए इसे दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है। अंत में सभी प्रतिभागियों ने ''करें योग, रहें निरोग'' के संकल्प के साथ नियमित योगाभ्यास करने का प्रण लिया।

## जीवन प्रबंधन का श्रेष्ठ मार्ग सिखाती श्रीमद्भगवद्गीताः डॉ. जवाहरलाल द्विवेदी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

श्रीमती जानकी माहेश्वरी की प्रथम पुण्य स्मृति में आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में विश्व गीता प्रतिष्ठान के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. जवाहरलाल द्विवेदी ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता का प्रत्येक श्लोक जीवन को दिशा देने वाला है। गीता हमें परिवार और समाज में धर्मानुकूल आचरण तथा जीवन प्रबंधन की कला सिखाती है। कार्यक्रम का शुभारंभ गीता स्वाध्याय मंडल द्वारा सामूहिक गीता पाठ से हुआ। कपिलेश्वर गीता पाठशाला के 40 विद्यार्थियों ने श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय 'पुरुषोत्तम योग' का सस्वर कंठस्थ गायन प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

द्वितीय सत्र में कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल, संत श्री गीतानंद महाराज, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, डॉ. ध्रुव भल्ला सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि उनके जीवन में गीता और गुरु कृपा का विशेष योगदान रहा है, जिसने उन्हें सकारात्मक सोच और कर्तव्यनिष्ठा का मार्ग दिखाया।

## दुकान में चोरीः सीसीटीवी कैमरों में की तोड़फोड़ फुटेज के आधार पर चोर की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चाचौड़ा/बीनागंज



नगर में चोरी की बढ़ती वारदातों के बीच शुक्रवार देर रात झंडा चौक स्थित एक बड़ी दुकान को चोरों ने निशाना बनाया। यह दुकान प्रियंका बूट हाउस के नाम से संचालित है, जिसके संचालक अंकित शर्मा हैं। उन्होंने बीनागंज पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि गत रात करीब 3 बजे अज्ञात चोरों ने इस वारदात को अंजाम दिया।

घटनाक्रम के अनुसार, चोरों ने दुकान में घुसने के लिए पड़ोसी मकान के रास्ते का इस्तेमाल किया। शातिर चोरों ने साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से दुकान के भीतर लगे सीसीटीवी कैमरों के साथ जमकर तोड़फोड़ की, जिससे कैमरे पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि, इस तोड़फोड़ के बावजूद एक आरोपी की संदेहास्पद गतिविधियां सीसीटीवी फुटेज में सुरक्षित कैद हो गई हैं। वारदात में अन्य सह-आरोपियों के शामिल होने की भी प्रबल आशंका है। दुकान संचालक अंकित शर्मा, जिनके यहाँ 11 कर्मचारी कार्यरत हैं, ने बताया कि इस चोरी से उन्हें बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। इस घटना के बाद से क्षेत्र के व्यापारियों और पत्रकारों में असुरक्षा और चिंता का माहौल है। नगरवासियों का आरोप है कि क्षेत्र में गश्त कमजोर होने से चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेही की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

## करें योग, रहें निरोग- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शहर भर में हुए सामूहिक योग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को नगर में विभिन्न स्थानों पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल, एसडीएम रोहित बम्होरे,जनपद सीईओ हेमेंद्र गोविल,मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,सीएमओ दीपक रानवे सहित जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में नगरवासियों ने सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्राणायाम, ध्यान एवं विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया।



वक्ताओं ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नियमित योग करने से अनेक बीमारियों से बचाव संभव है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसी क्रम में न्यायालय परिसर में भी विशेष योग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें न्यायालय परिसर में वरिष्ठ खंड न्यायाधीश आकांक्षा कत्याल,न्यायाधीश शिवानी सैनी,कनिष्ठ खंड न्यायाधीश अश्विनी गहलोत, न्यायाधीशों एवं अधिवक्ताओं ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। वहीं आरोग्य भारती द्वारा सुदर्शन नगर स्थित माता मंदिर परिसर में लक्ष्मीनारायण त्रिकार,नंदकिशोर सोनी सहित समाजसेवियों ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ ध्यान योग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने योग के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने का संकल्प लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने एक स्वस्थ, समृद्ध और आरोग्य राष्ट्र के निर्माण के लिए प्रतिदिन योग करने तथा दूसरों को भी योग के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

### 15 अगस्त तक मत्स्याखेट परिवहन और क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध, उल्लंघन करने पर होगी जेल

गुना। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी किशोर कुमार कन्याल ने वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन और संरक्षण के लिए जिले में 'बंद ऋतु' (क्लोज सीजन) का आदेश जारी किया है। इसके तहत 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक की अवधि में सभी प्रकार के मत्स्याखेट, मछली के क्रय-विक्रय और परिवहन पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। नियमों के अनुसार, नदियों से असंबद्ध छोटे तालाबों को छोड़कर समस्त जलाशयों में मत्स्याखेट निषिद्ध रहेगा। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मध्य प्रदेश राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम, 1981 के तहत एक वर्ष तक के कारावास, 5 हजार रुपये जुर्माने या दोनों से दण्डित करने की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## बीनागंज बायपास पर भीषण हादसाः कंटेनर पुलिया में गिरा, चालक की जलकर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना/बीनागंज



नेशनल हाईवे क्रमांक-46 पर बीनागंज बायपास के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। शिवपुरी-गुना की ओर से ब्यावरा-भोपाल जा रहा एक कंटेनर अनियंत्रित होकर पुलिया में जा गिरा। पुलिया में गिरते ही कंटेनर में भीषण आग लग गई, जिससे चालक की मौके पर ही जलकर मौत हो गई।

हादसा इतना भयावह था कि चालक का शव कंटेनर के अंदर ही पूरी तरह जल गया। वहीं कंटेनर में सवार क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान मनीष बघेल निवासी शिवपुरी के रूप में हुई है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय गुना रेफर किया गया है।

सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची तथा आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन राजस्थान पासिंग बताया जा रहा है। एसडीओपी चाचौड़ा मनोज कुमार झा ने बताया कि कंटेनर के अनियंत्रित होकर पुलिया में गिरने के बाद उसमें आग लग गई, जिससे चालक की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बीनागंज में भटक रही अस्वस्थ महिला को समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने दिलाया शिवपुरी के आश्रम में आश्रय



गुना। एबी रोड पर लावारिस हालत में भटक रही एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला के लिए समाजसेवी प्रमोद भार्गव और गौसेवक मोहित लोधा मददगार साबित हुए। सूचना मिलने पर मोहित लोधा महिला को गुना लेकर आए, जिसके बाद प्रमोद भार्गव ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराकर प्राथमिक उपचार दिलाया। पड़ताल करने पर महिला की पहचान सुमन कुशवाह निवासी ग्राम मसोरा (ललितपुर, उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई। ग्राम सरपंच के माध्यम से पता चला कि सुमन के पति और ससुर का निधन हो चुका है और उसके छोटे बच्चे होटलों में काम कर गुजर-बसर कर रहे हैं। महिला की दयनीय स्थिति को देखते हुए प्रमोद भार्गव ने उसे शिवपुरी स्थित 'अपना घर आश्रम' में सुरक्षित भर्ती कराया, जहाँ उसके उपचार और पुनर्वास की व्यवस्था की जाएगी। प्रमोद भार्गव ने शासन-प्रशासन से अपील की है कि सड़कों पर भटकती बेसहारा महिलाओं के संरक्षण के लिए पर्याप्त आश्रय गृह और पुख्ता व्यवस्थाएं विकसित की जाएं ताकि वे शोषण से सुरक्षित रह सकें।

## खबर संक्षेप

### 89 हजार से अधिक आवेदनों का निराकरण



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार जिले में 5 जून पर्यावरण दिवस से 21 जून विश्व योग दिवस तक जनकल्याण अभियान संचालित किया गया। अभियान के तहत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनकल्याण शिविर आयोजित कर आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। अभियान के दौरान कुल 89 हजार 398 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 89 हजार 219 आवेदनों का निराकरण किया गया। जनकल्याण अभियान प्रशासन और आमजन के बीच बेहतर संवाद का माध्यम बना, जिससे बड़ी संख्या में नागरिक लाभान्वित हुए। ग्रामीण क्षेत्र में आष्टा विकासखंड में 21 हजार 931 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें सभी आवेदनों का निराकरण किया गया। सीहोर विकासखंड में 19 हजार 311 आवेदन, भैरूंदा में 17 हजार 398 आवेदन, इछावर में 10 हजार 83 आवेदन तथा बुधनी विकासखंड में 7 हजार 215 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से अधिकांश आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। नगर पालिका सीहोर में 3 हजार 252 आवेदन, आष्टा में 2 हजार 844, कोठरी में 2 हजार 33, रेहटी में 1 हजार 101, बुधनी में 1 हजार 64, जावर में 932, भैरूंदा में 887, इछावर में 782 तथा शाहगंज में 565 आवेदन प्राप्त हुए। इन सभी नगरीय क्षेत्रों में भी आवेदनों का लगभग शत-प्रतिशत निराकरण किया गया।

### सांदीपनि विद्यालय में मेगा पौधरोपण और शैक्षिक संवाद का किया आयोजन

# हम वास्तव में इस पृथ्वी पर जीवित रहना चाहते हैं और स्वस्थ जीवन यापन करना चाहते हैं तो पेड़ जरूर लगाएः सांसद

**सांसद महेंद्र सोलंकी ने कहा कि जितने हरे-भरे पेड़ होंगे उतना अधिक ऑक्सीजन का उत्पादन होगा और अधिक विषैली गैसों को यह अवशोषित करेंगे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

नगर के सांदीपनि शासकीय उमावि आष्टा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत मेगा वृक्षारोपण का आयोजन विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी तथा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा लगाए गए। सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य सितवत खान ने बताया कि भारत सरकार के निर्देषानुसार एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए पूरे देष में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। विधालय में वृक्षारोपण एवं शैक्षिक संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी के मुख्यातिथ्य, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर की अध्यक्षता एवं जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, विशाल चैरसिया, रोगी कल्याण समिति सदस्य उत्थान धारवां, पत्रकार सुशील संचेती, महामंत्री मोहित सोनी, न.प. उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, सौरभ जैन शीतल, गुरूचरण परमार, सुमित मेहता, तेज सिंह राठौर, ऋषि कमलेश विश्वकर्मा, अर्जुन सिंह ठाकुर, भगवत मेवाड़ा, प्राचार्य सितवत खान, बी.आर.सी.सी. अजब सिंह राजपूत एवं विद्यालय के अन्य षिक्षकों और कर्मचारियों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण की वजह से वृक्षारोपण की आवश्यकता इन दिनों अधिक हो गई है। वृक्षारोपण से तात्पर्य वृक्षों के विकास के लिए पौधों को लगाना और हरियाली को फैलाना है। पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण की प्रक्रिया महत्वपूर्ण क्यों है इसके कई कारण हैं। सांसद श्री सोलंकी ने कहा कि अगर हम वास्तव में इस पृथ्वी पर जीवित रहना चाहते हैं और अच्छे जीवनयापन करना चाहते हैं तो अधिक से अधिक पेड़ लगाए



एवं इन्हें नियमित पानी देकर इनकी रक्षा करें।

वृक्ष हमें ऑक्सीजन देने और कार्बन डाइऑक्साइड को लेने के अलावा पेड़ पर्यावरण से अन्य हानिकारक गैसों को भी अवशोषित करते हैं जिससे वायु शुद्ध और ताजी बनती है। जितने हरे-भरे पेड़ होंगे उतना अधिक ऑक्सीजन का उत्पादन होगा और अधिक विषैली गैसों को यह अवशोषित करेंगे। हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों के कारण ही हम जीवित है और आने वाली पीढ़ी को शुद्ध ऑक्सीजन देने के लिए हमें न केवल पौधरोपण करना चाहिए बल्कि उनकी सुरक्षा भी करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को सफाई के प्रति सजग करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि जैसे हम स्वयं अपने घर की सफाई करते है, वैसे ही हमें अपने विद्यालय की सफाई स्वयं को करनी चाहिए।

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा शैक्षिक संवाद एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदूषण का स्तर इन दिनों बहुत अधिक बढ़ रहा है। इससे लड़ने का एकमात्र तरीका अधिक से अधिक पेड़ लगाना है। उदाहरण के लिए पेड़ों से घिरे क्षेत्र, गांव और जंगल शुद्ध पर्यावरण को बढ़ावा देते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये कम प्रदूषण से प्रभावित क्षेत्र हैं। दूसरी ओर शहरी आवासीय और औद्योगिक क्षेत्रों में खराब प्रदूषण और कम पेड़ों की संख्या के कारण खराब गुणवत्ता की वायु है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सतीश वर्मा द्वारा किया। प्राचार्य सितवत खान ने वृक्षारोपण एवं शैक्षिक संवाद कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि वृक्षारोपण कर वृक्षों का विशेष संरक्षण किया जाएंगा। विद्यालय में पर्यावरण एवं आपदा प्रबंधन के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे है। सांसद महोदय द्वारा विद्यार्थियों से जो आव्हान किया गया है उसकों पूरा करवाया जाएंगा।

इस अवसर पर सांदीपनि विद्यालय आष्टा के शिक्षक असमा खानम, अंत्येश धारवां, पदमा परमार, रघुवीर सिंह, राखी पोहाने, गौतम चैरसिया, पवन कुमार राया, जितेन्द्र मेवाड़े, भूपेन्द्र सिंह, निहायत मंसूरी, नवीन मौर्य, मोनिका जैन, मनोज कर्मोदिया, नेहा अंसारी, मो. इमरान, राम सिंह, डॉ. तेजपाल सिंह, अभिलाषा श्रीवादी, वीरेन्द्र सिंह, हरिनारायण सिंह, संदीप जायसवाल, पवित्रा कुराड़यि, आराधना चन्द्रवंशी, महेश नरगावा, प्रकाश यादव, रवि कुमार सोलंकी, शैलेन्द्र मालवीय, सीमा बघेल, अंतिमबाला हटिला, लक्ष्मी परमार, आशा रावत, जसपाल सिंह, राजेन्द्र मौर्य, पल्लवी वर्मा, सपना मेवाड़ा, पूजा असाड़े, कृतिका वर्मा, नीता जैन, रामेश्वर दामड़यि, विजय हाटेकर, निर्मलदास बैरागी, जितेन्द्र कुमार वर्मा, हेमंत मेवाड़ा, दिनेश गहरवाल,



राजेश मालवीय, राजीव सारसिया, मनोज बड़ोदिया, संतोष कुमार, गौरीशंकर मालवीय, कासिम खान, वंदना सोलंकी, रवि प्रकाश मालवीय, सुनील देलमिया, नीरज सिंह ठाकुर, प्रेम सिंह, विजय मंगल बगाना, निकिता शर्मा, श्वेता पांडेय, विजय अडगले, कमलेश वर्मा, डी.एस. मांडवा, मुकुंद सिंह बरोड़यि, कुमेर सिंह ठाकुर, संध्या पटेल, सुरेश पाटीदार, मनोहर सिंह मालवीय, अब्दुल हमीद अंसारी, फरजाना अंसारी, रईसा शाह, पवित्रा सारसिया, गजराज सिंह ठाकुर, लखनलाल परमार, मदन परमार, रामलाल कुशवाह, रमेश मेवाड़ा, पिंकी रायकवार, संजय जैन, नौशीन जहां, मांगीलाल राया, दीप्ति तोमर, एस.के. सिंगारिया, राजेश राठौर सहित विद्यालय के विद्यार्थी एवं अन्य नागरिक उपस्थित थे।

## योग दिवस पर प्रतिदिन योग करने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खाचरोद

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खामखेड़ा यात्रा में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर खाचरोद मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार, मंडल महामंत्री यशवंत सिंह ठाकुर, संस्था प्राचार्य कल्याण सिंह ठाकुर, खामखेड़ा सरपंच प्रेम नारायण वर्मा, पीटीए अध्यक्ष बहादुर सिंह ठाकुर, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश गुणवान, राहुल पटेल, तेज सिंह, राजेंद्र सिंह, योग गुरु राजेंद्र शर्मा, गंगाराम चौहान बाबूजी, अमीरुद्दीन खान, आनंद जायसवाल, शरद मालवीय, करण सिंह चौहान, कुमेर सिंह ठाकुर, हरि कुंवर मालवीय, मुस्ताक खान, अजय सिंह ठाकुर, अंतर बाई, पवन, विनोद आदि ने उपस्थित होकर योग किया और प्रतिदिन योग करने का संकल्प




लिया। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा पीएम श्री विद्यालय खामखेड़ा यात्रा में जिम के लिए 6 सेट लगवाए गए। जहां विद्यार्थियों द्वारा प्रतिदिन एक्सरसाइज कर रहे हैं विद्यालय के प्राचार्य कल्याण सिंह ठाकुर द्वारा विधायक का आभार प्रकट किया गया।

### सेना के जवान का ग्रामीणों ने किया सम्मान

**खाचरोद।** ग्राम नौगांव के जगतपाल ठाकुर भारतीय सेना का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर अपने ग्रह ग्राम आगमन पर ग्राम खाचरोद में भारतीय सेना के जवान जगतपाल ठाकुर का हार फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया वह बिजली घर चौराहे से उनके गृह ग्राम तक जुलूस के रूप में ले जाया गया उनकी उपलब्धि पर ग्राम के सभी नागरिकों व उनके ईस्ट मित्रों द्वारा बधाई दी गई।



## केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन के 12 साल पूर्ण होने पर मां पार्वती नदी पर चला साफ-सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, जनकल्याण एवं विकसित भारत के संकल्प को समर्पित केन्द्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक भव्य स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह विशेष अभियान जीवन दायिनी मां पार्वती नदी के नवनिर्मित तट पर स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसमें जनप्रतिनिधियों और आम जनता ने मिलकर मानव श्रृंखला निर्मित कर तट पर श्रमदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देवास-शाजापुर संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद महेन्द्रसिंह सोलंकी एवं विधायक गोपालसिंह इंजीनियर उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद महेन्द्रसिंह सोलंकी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सेवा और सुशासन के 12 वर्ष पूरे किए हैं। आज का यह स्वच्छता अभियान इसी सेवा भाव को समर्पित है। उन्होंने नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए आव्हान



किया कि वे अपने आसपास के वातावरण, सार्वजनिक स्थलों और विशेषकर जल स्त्रोतों को साफ-सुथरा रखें। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने मां पार्वती नदी के संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के महत्व पर कहते हुए कहा कि नवनिर्मित घाट की सुंदरता और पवित्रता को बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सफाई अभियान में शामिल सभी जनों ने न सिर्फ घाट परिसर की सफाई की, बल्कि समाज को यह संदेश भी दिया कि घर की तरह समाज और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखना भी उनका संकल्प है। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित अतिथियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने मां पार्वती के नवनिर्मित तट को हमेशा स्वच्छ रखने और भविष्य में भी इस प्रकार के पर्यावरण-हितैषी कार्यों में सक्रिय रूप से जुड़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति, वरिष्ठ पत्रकार सुशील संचेती, उमेश शर्मा, पूर्व हिउस अध्यक्ष कालू भट्ट, पार्षद कमलेश जैन, तेजसिंह राठौर, नगर महामंत्री धनरूपमल जैन, मोहित सोनी, गुरूचरण परमार, भगवतसिंह मेवाड़ा, सुमित मेहता, उत्थान धारवां, सौरभ रूणवाल, कृष्णा शर्मा, बाबूलाल मालवीय, कमलेश विश्वकर्मा, मनोहरलाल श्रीवास्तव, कोमल जैन, राजेश घेंघट, गजेन्द्र मालवीय सहित नपा के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

### विहिप बजरंग दल ने भारतीय सेना में चयनित जवान का किया स्वागत

# भारतीय सेना में चयन होने पर नगर में दिखा जश्न का माहौल






हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर

जावर विश्व हिंदू परिषद विहिप द्वारा जावर के स्थानीय राममंदिर में भारतीय सेना में चयनित क्षेत्र के युवा अंकित प्रजापति के सम्मान में एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष लखन ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण परिवेश और सीमित संसाधनों के बावजूद अंकित प्रजापति ने अपनी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से यह सफलता हासिल की है।

उन पर पूरे क्षेत्र और सनातन समाज को गर्व है। उन्होंने आगे कहा कि विहिप बजरंग दल के युवाओं में राष्ट्र प्रेम और संस्कार जगाने का निरंतर कार्य कर रही है। फौजी बनकर देश की सीमाओं की रक्षा करना सबसे बड़ा धर्म है।विहिप कार्यकर्ताओं ने चयनित युवा का माथे पर तिलक लगाकर फूलों की माला भेंटकर स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य, साहस व अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रमुख कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक और युवा उपस्थित थे।

### जावर के लाल अंकित ने बढ़ाया मान

लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। इस कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है जावर के एक साधारण किसान परिवार के बेटे ने। जावर के कृषक जीवन सिंह प्रजापति के सुपुत्र अंकित प्रजापति का चयन भारतीय सेना में हुआ है। अंकित ने भारतीय सेना में फ़ौज़ी बनकर न केवल अपने माता-पिता का सपना पूरा किया है, बल्कि पूरे जावर नगर का नाम देश पटल पर रोशन किया है। अंकित प्रजापति ने देश की सेवा के लिए चुने जाने पर पूरे क्षेत्र में हर्ष और गौरव का माहौल है।पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष ने निवास पर किया भव्य स्वागत इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर देश के नए रक्षक का अभिनंदन करने के लिए जनप्रतिनिधि भी आगे आए। जावर नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष शैलेष कुमार वैद्य एवं उनकी धर्मपत्नी दीपाश्री वैद्य ने नवनियुक्त फ़ौज़ी अंकित प्रजापति के निवास स्थान पर पहुँचकर उनका भव्य स्वागत किया। अंकित ने अपनी कड़ी मेहनत और देशभक्ति के जज्बे से जावर का गौरव बढ़ाया है। एक किसान का बेटा जब देश की सरहद की रक्षा करने के लिए तैयार होता है, तो पूरे नगर का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। अंकित आने वाली पीढ़ी के लिए एक बड़ी प्रेरणा हैं। शैलेष कुमार वैद्य अध्यक्ष पूर्व नगर परिषद जावर ने परिजनों को दी बधाइयां बांटी मिठाइयां स्वागत के दौरान पुर्व अध्यक्ष दंपति ने अंकित को तिलक लगाकर, माला पहनाकर और मुंह मीठा कराकर उनके उज्ज्वल और सुरक्षित भविष्य की कामना की। इसके साथ ही अंकित के पिता जीवन सिंह प्रजापति एवं पूरे परिवार को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि की बधाई दी। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने भी अंकित को फूल-मालाओं से लाद दिया और भारत माता के जयकारों से पूरा माहौल देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। अब अंकित प्रजापति भारतीय सेना की वर्दी पहनकर देश की सीमाओं की रक्षा और मां भारती की सेवा के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जावर की जनता को अपने इस लाडले पर नाज है।

## जले दीप, गूंजे गीत, 5000 पुत्र-पुत्री का लक्ष्य हुआ पूर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सीवन टीम का जो लक्ष्य था 5 000 वह लक्ष्य पूर्ण होने पर मनकामेश्वर महादेव मंदिर सीहोर में दीपों को जलाया इस बीच हर हर महादेव के, भारत माता के एवं मेरी जीवन मेरा संकल्प के नारे गूंजे। सीवन पुत्र और पुत्री का उत्साह देखते ही बना, 5000 की संख्या को दीपों के रूप में प्रतीक नजर आए। दीपों को जलाने करने के बाद सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस आयोजन में सबसे पहले समाज सेवा से जुड़े बृजेश पाराशर में पूरी सीवन टीम को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि 3 महीने लगातार जीवन उद्धार का काम करना अपने आप में ही अद्भुत है। शासकीय मॉडल स्कूल के प्रचार दिनेश वर्मा ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मैं सीवन टीम से जुड़ा और यह मां का कर्जा है जिसे उतारने में मैं भी टीम से जुड़ा हूं। इस अवसर पर सीवन पुत्र कैलाश चावड़ा,बृजेश पाराशर,शिव मेहता, सीवन पुत्री शिखा जैन, मुकेश राय, प्रकाश यादव, जगदीश वर्मा, लक्ष्मण सिंह चौकसे, राजकुमार सोनी, प्रदीप चावड़ा, कैलाश चव्हाण, विजय जैन पंछी, कनीराम मालवीय, अलका कुशवाह, ममता राठौर, दीपक दलोदिया, विल्सन जैन, उदित जादवानी, योगेंद्र राय, अशोक नामदेव, सुरेश भगत, कमल केवट, संतोष मेवाड़ा, अशोक खत्री, सीमा शर्मा, राजेश शर्मा, विजय जोशी, सुधीर सोनी आदि उपस्थित थे।